दिन– मंगलवार दिनांक– 19/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय टीम, जापान को हराकर एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल में पहुंची। कल फाईनल में चीन की टीम से होगा मुकाबला।

02. राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया पर रोक लगायी गयी। सरकार ने कहा– नये सिरे से शुरू होगी ट्रांसफर–पोस्टिंग की प्रक्रिया।

03. बिहार सरकार ने मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को अनुरोध पत्र भेजा।

04. और, राज्य सरकार ने सशस्त्र सेनाओं और केन्द्रीय पुलिस बलों के शहीद कर्मियों के निकटतम परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी का फैसला किया।

———————————————————————

भारतीय टीम एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल में पहुंच गयी है। फाईनल में कल भारतीय टीम का मुकाबला चीन की टीम से होगा। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में अब से थोड़ी देर पहले सम्पन्न दूसरे सेमीफाईनल मुकाबले में भारत ने जापान को दो–शून्य से पराजित कर दिया। दोनों गोल आखिरी क्वार्टर में किये गये। भारत की ओर से पहला गोल भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर ने पेनल्टी स्ट्रोक की मदद से किया, जबकि दूसरा गोल लालशेरियामी ने किया। भारी संख्या में प्रशंसकों की मौजूदगी में सलीमा टेटे के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने शुरूआत से अंत तक जापान पर दबाव बनाये रखा। इससे पूर्व खेले गये पहले सेमीफाईनल मुकाबले में चीन ने मलेशिया को तीन–एक से पराजित कर फाईनल में जगह बनाई। फाईनल मुकाबला कल अपराह्न पौने पांच बजे खेला जायेगा।

———————————————————————

भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि फाईनल जीतने के लिए टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी।

———बाईट———

———————————————————————

स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसकों ने कहा कि कल फाईनल में भी भारत का विजय अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का सेमीफाईनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की मौजूदा नीति को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये शिक्षा मंत्री ने कहा कि फिलहाल ट्रांसफर और पोस्टिंग नहीं होगी और शिक्षक अपने वर्तमान विद्यालयों में ही सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का स्थानांतरण अब पांच चरणों में आयोजित सक्षमता परीक्षा के पूरा होने के बाद ही किया जायेगा।

———बाईट———

उन्होंने यह भी साफ किया कि यदि आवश्यकता हुई तो वर्तमान नीति में परिवर्तन किया जायेगा। श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों और शिक्षक संगठनों की आपत्तियों और शिकायतों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये ट्रांसफर–पोस्टिंग नीति को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

———बाईट———

गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर रोक लगाते हुये राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर सभी बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये थे।

———————————————————————————

शिक्षकों के स्थानांतरण नीति को स्थगित करने के निर्णय का भाजपा समेत विभिन्न दलों ने स्वागत किया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सरकार का यह फैसला शिक्षकों के हित में है।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य सरकार ने मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा की सूची में शामिल करने का केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर इस संबंध में एक आधिकारिक अनुरोध केन्द्र सरकार के पास भेजा गया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने यह जानकारी देते हुये कहा कि इस निर्णय से मिथिलावासियों में खुशी की लहर है। श्री झा ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुये कहा कि मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिल जाने से मिथिला और बिहार की भाषाई विरासत का सम्मान बढ़ेगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने सशस्त्र सेनाओं और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के शहीद कर्मियों के निकटतम परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी का

फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत राज्य में महिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन के लिए दो सौ पच्चीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। मंत्रिमंडल की बैठक में कुल नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में सक्षमता परीक्षा पास एक लाख उनतालीस हजार शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में कल नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। वहीं, शेष शिक्षकों को प्रखंड और जिला स्तर पर नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार, पहली सक्षमता परीक्षा में एक लाख सत्तासी हजार शिक्षकों ने सफलता प्राप्त की है।

---

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जांच की प्रक्रिया अभी जारी है। जदयू के अभिषेक झा, राजद के प्रोफेसर गोपी किशन और जनसुराज के डॉक्टर विनायक गौतम समेत सत्रह उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

---

राज्य में पांच चरणों में कराये जा रहे पैक्स चुनाव का पहला चरण का मतदान छब्बीस नवम्बर को होगा। पहले चरण के लिए आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन विभिन्न पैक्सों में कई उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस लिया। कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भभुआ प्रखंड के विभिन्न पैक्सों में अठारह अध्यक्ष और सात सदस्य पद के उम्मीदवारों ने अपना नामजदगी का पर्चा वापस ले लिया। इधर, नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्ती के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने आज सोनपुर मेला में विभागीय मंडप का उद्घाटन किया। विभाग के स्टॉल पर दो काउंटर लगाये गये हैं। भू–अभिलेख और परिमाप निदेशालय के एक काउंटर पर लोगों को जमीन का नक्शा खरीदने की सुविधा दी जा रही है, जबकि दूसरे काउंटर पर विभाग

की ऑनलाईन सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इधर, मेला क्षेत्र में आज बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पवेलियन का उद्‌घाटन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदय कांत ने किया।

———————————————————————————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर हमारा शौचालय हमारा सम्मान नाम से तीन सप्ताह तक चलने वाला अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर सीतामढ़ी, अरवल, शेखपुरा समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान की शुरूआत की गयी।

———————————————————————————————

रेलवे ने सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले तीन माह में देशभर के दो सौ उनतीस नियमित रेलगाड़ियों में पांच सौ तेरासी सामान्य कोच जोड़ें हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रसार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि इस महीने के अंत तक साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में ऐसे एक हजार जीएस कोच जोड़ दिये जायेंगे। साथ ही अगले दो साल में दस हजार से अधिक कोच विभिन्न ट्रेनों मे जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें चार हजार कोच शयनयान श्रेणी के होंगे। श्री कुमार ने कहा कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है और उन्हें हर तरह की सुविधा दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

———————————————————————————————

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की एक सौ सातवीं जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर पटना के सदाकत आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार

गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश के उत्तरी भागों में अधिकतर स्थानों पर सुबह के समय मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

बक्सर में कल से शुरू होने वाले पंचकोषी परिक्रमा यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर जुटने वाली तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

---

मधुबनी जिले में विभिन्न कारणों से काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाये एक हजार एक सौ चौबीस शिक्षकों की काउंसिलिंग इक्कीस नवम्बर से पच्चीस नवम्बर तक होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम ने यह जानकारी दी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारतीय टीम, जापान को हराकर एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल में पहुंची। कल फाईनल में चीन की टीम से होगा मुकाबला।
02. राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया पर रोक लगायी गयी। सरकार ने कहा– नये सिरे से शुरू होगी ट्रांसफर–पोस्टिंग की प्रक्रिया।
03. बिहार सरकार ने मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिए केन्द्र सरकार को अनुरोध पत्र भेजा।
04. और, राज्य सरकार ने सशस्त्र सेनाओं और केन्द्रीय पुलिस बलों के शहीद कर्मियों के निकटतम परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी का फैसला किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।